महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

हिंदी विश्वविद्यालय ने मनायी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

शिवाजी महाराज के पदचिन्हों पर चलने से विकसित भारत का मार्ग होगा प्रशस्त : डॉ. भीमराय मेत्री

वर्धा, 19 फरवरी 2024: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 'छत्रपति शिवाजी महाराज का राष्ट्रबोध एवं विकसित भारत की संकल्पना' विषय पर हिंदी साहित्य विभाग की ओर से आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. भीमराय मेत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज एक उत्कृष्ट रणनीतिकार और उत्कृष्ट शासक थे। उनके पदचिन्हों पर चलने से विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त होगा।

19 फरवरी को गालिब सभागार में शिवाजी महाराज की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता के रूप में केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के निदेशक प्रो. सुनील कुलकर्णी, आदर्श महाविद्यालय, धामनगांव रेल्वे के अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक विशाल मोकाशे, लखनऊ के वरिष्ठ पत्रकार संजय तिवारी, विवि के अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, हिंदी साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार, वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक प्रो. बंशीधर पाण्डेय ने संबोधित किया। कुलपति डॉ. भीमराय मेत्री ने कहा कि शिवाजी महाराज ने जनता की सुरक्षा के लिए दीर्घकालीन नीति तैयार की। किलों का निर्माण किया। समुद्र के मार्ग से आने वाले शत्रुओं को रोकने के लिए उपाय-योजना की। उनकी दृष्टि विकसित भारत के लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा कि अब दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत वसुधैव कुटुंबकम को चरितार्थ करते हुए आगे बढ़ रहा है। उच्च शिक्षा संस्थान चरित्र निर्माण की दिशा में अग्रसर है। देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे पायदान पर है। एक लाख से भी अधिक स्टार्टअप शुरू हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार उद्योग जगत को बढावा दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि शिवाजी महाराज द्वारा तैयार की गयी युद्ध नीति और विकास की दृष्टि से भारत बेहतर व विकसित बनेगा।

प्रो. सुनील कुलकर्णी ने कहा कि शिवाजी महाराज का भाषा व प्रबंधन कौशल विषयक दृष्टिकोण विकसित भारत बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। विशाल मोकाशे ने कहा कि शिवाजी महाराज ने 16 साल की आयु में ही स्वराज्य की स्थापना की प्रतिज्ञा ली थी। वे युद्ध

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

नीति के नायक थे। उन्होंने महिलाओं का सम्मान करते हुए जनता के विकास के लिए परिणामकारक नीतियां बनायी। संजय तिवारी ने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपनी पंचास वर्ष की आयु में 11 बड़े और 40 छोटे युद्ध लड़े और 40 किले पर अपना कब्जा किया। उन्होंने शांति चाहनेवाली विचारधारा का सम्मान किया।

प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि शिवाजी महाराज ने मध्यकाल में व्याप्त अन्याय का प्रतिरोध किया। उन्होंने अष्टप्रधान मंत्रिमंडल के माध्यम से सभी घटकों को न्याय देने का काम किया। वें एकता के पैरोकार थे। उन्होंने रामायण और महाभारत की कहानियां सुनकर नीतियां बनायी। प्रो. बंशीधर पाण्डेय ने कहा कि शिवाजी महाराज ने सुशासन से प्रगतिशील व्यवस्था बनायी। किसानों की कर माफी की और बांध, तालब, दुर्ग बनाकर राष्ट्र को समृद्ध बनाने का काम किया। डॉ. संदीप सपकाले ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के समकालीन संत बहिणाबाई और रामदास स्वामी आदि ने निर्भयता से कार्य किया। प्रो. अवधेश कुमार ने शिवाजी महाराज की शासन पद्धति पर शोध की आवश्यकता जताते हुए कहा कि उन्होंने छापामार नीति अपनाकर सफलता हासिल की। इससे राष्ट्रीयता व राष्ट्रबोध झलकता है। बेहतर एवं विकसित भारत की ओर बढ़ने के लिए उनके विचार व कार्य अमल में लाने की आवश्यकता है। स्वागत भाषण व विषय प्रवर्तन करते हुए साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने कहा कि शिवाजी महाराज ने साहस, स्वाभिमान और शौर्य के बल पर हिंदवी स्वराज की बात की। वे हमारी स्मृति में प्रखर राष्ट्रबोध के योद्धा और नायक के रूप में सदैव विराजमान रहेंगे।

इस अवसर पर शोधार्थी रविशंकर आर्य व नवनीत ने भी अपनी बात रखी। इस अवसर पर अपने कर्तव्य पालन के दौरान घायल सुरक्षा कर्मी प्रवीण मुडे को विवि का प्रतीक चिन्ह व शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रमा का प्रारंभ दीप दीपन, शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं कुलगीत से किया गया। शोध छात्र साहिबुदेव शर्मा ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन हिंदी साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अध्यापको, शोधाथियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

हिंदी विश्वविद्यालयात छत्रपति शिवाजी महाराज यांची जयंती साजरी

शिवाजी महाराजांच्या धोरणातून विकसित भारताचा मार्ग प्रशस्त होईल: डॉ. भीमराय मेत्री

वर्धा, 19 फेब्रुवारी 2024: छत्रपती शिवाजी महाराज हे उत्कृष्ट रणनीतीकार आणि उत्कृष्ट शासक होते. त्यांच्या धोरणातून विकसित भारताचा मार्ग प्रशस्त होईल असे प्रतिपादन महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचे कुलगुरू डॉ. भीमराय मेत्री यांनी केले. ते 'छत्रपती शिवाजी महाराजांची राष्ट्रभावना आणि विकसित भारताचा निर्धार' या विषयावर हिंदी साहित्य विभागातर्फे आयोजित राष्ट्रीय चर्चासत्राचे अध्यक्ष म्हणून बोलत होते. गालिब सभागृहात शिवाजी महाराज यांची जयंती १९ फेब्रुवारी रोजी साजरी करण्यात आली. यावेळी विशेष वक्ते म्हणून अमंत्रित केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगराचे निदेशक प्रो. सुनील कुळकर्णी, आदर्श महाविद्यालय, धामनगांव येथील अर्थशास्त्र विभागाचे प्राध्यापक विशाल मोकाशे, लखनौचे वरिष्ठ पत्रकार संजय तिवारी, विविचे अनुवाद व निर्वचन विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, हिंदी साहित्य विभागाचे अध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार, वर्धा समाज कार्य संस्थानचे निदेशक प्रो. बंशीधर पांडे यांनी संबोधित केले. शिवाजी महाराजांनी जनतेच्या सुरक्षेसाठी दीर्घकालीन धोरण तयार केल्याचे सांगून कुलगुरू म्हणाले की शिवाजी महाराजांनी अनेक किल्ले बांधले व सागरी मार्गाने येणाऱ्या शत्रूला रोखण्यासाठी नियोजनबद्ध उपाय योजले. त्यांची दृष्टी विकसित भारतासाठी उपयुक्त आहे. ते म्हणाले की, आता जगाचे लक्ष भारताकडे आहे. वसुधैव कुटुंबकम दृष्टिने भारत पुढे जात आहे. चारित्र्यसंवर्धनाच्या दिशेने उच्च शिक्षण संस्थांची वाटचाल सुरू आहे. देशाची अर्थव्यवस्था जगात तिसऱ्या क्रमांकावर आहे. एक लाखाहून अधिक स्टार्टअप सुरू झाले आहेत. पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांच्या नेतृत्वाखाली भारत सरकार उद्योजकतेला चालना देत आहे. शिवाजी महाराजांनी तयार केलेल्या विकास आणि युद्धनीतीच्या दृष्टिकोनातून भरत अधिक समृद्ध आणि विकसित होईल असा विश्वास त्यांनी व्यक्त केला.

प्रो. सुनील कुळकर्णी म्हणाले की, विकसित भारत घडवण्यात शिवाजी महाराजांचा भाषा आणि व्यवस्थापन कौशल्याचा दृष्टिकोन महत्त्वाची भूमिका बजावेल. विशाल मोकाशे म्हणाले की, शिवाजी महाराजांनी वयाच्या १६ व्या वर्षी स्वराज्य स्थापन करण्याची प्रतिज्ञा घेतली होती. ते युद्धनीतीचे नायक होते. त्यांनी महिलांचा आदर केला आणि लोकांच्या विकासासाठी प्रभावी धोरणे आखली. संजय तिवारी म्हणाले की शिवाजी महाराजांनी वयाच्या पन्नासाव्या वर्षी 11 मोठ्या आणि 40 किरकोळ लढाया केल्या आणि 40 किल्ले ताब्यात घेतले. ज्या विचारधारेला शांतता हवी होती, त्या विचारसरणीचे त्यांनी समर्थन केले. प्रो. कृष्णकुमार सिंह म्हणाले की शिवाजी महाराजांनी मध्ययुगीन काळातील अन्यायाचा प्रतिकार केला. त्यांनी अष्टप्रधान मंत्रिमंडळाच्या माध्यमातून सर्व घटकांना न्याय देण्याचे काम केले. ते एकतेचे पुरस्कर्ते होते. रामायण आणि महाभारतातील कथा ऐकून त्यांनी धोरणे बनवली. प्रो. बंशीधर पांडे म्हणाले की शिवाजी महाराजांनी सुशासनाच्या माध्यमातून व्यवस्था निर्माण केली. त्यांनी शेतकऱ्यांना करमाफी दिली आणि धरणे तलाव, किल्ले बांधून देश समृद्ध करण्याचे काम केले. डॉ.संदीप सपकाळे म्हणाले की संत बहिणाबाई, रामदास स्वामी आदी समकालीन संतांनी निर्भयपणे कार्य केले. प्रो. अवधेश कुमार यांनी शिवाजी महाराजांच्या शासन पद्धतीवर संशोधनाची गरज व्यक्त करून गनिमी धोरण अवलंबून यश संपादन केल्याचे सांगितलेयातून राष्ट्रवाद आणि राष्ट्रवाद दिसून येतो. उत्तम आणि विकसित भारताकडे वाटचाल करण्यासाठी त्यांचे विचार आणि कार्य अमलात आणण्याची गरज आहे. स्वागतपर भाषण व विषयाचे प्रास्ताविक करताना साहित्य विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. अखिलेश कुमार दुबे म्हणाले की शिवाजी महाराजांनी साहस, स्वाभिमान आणि शौर्याच्या बळावर हिंदवी स्वराज्य स्थापन केले. प्रबळ राष्ट्रवाद असलेला योद्धा म्हणून ते सदैव आपल्या स्मरणात राहतील. यावेळी शोधार्थी रविशंकर आर्य आणि नवनीत यांनीही आपले विचार मांडले. यावेळी कर्तव्य बजावताना जखमी झालेले सुरक्षा कर्मचारी प्रवीण मुडे यांचा विश्वविद्यालयाचे प्रतीक चिन्ह व शाल देऊन गौरव करण्यात आला. कार्यक्रमाची सुरुवात दीपप्रज्वलन, शिवाजी महाराजांच्या प्रतिमेस पुष्पहार अर्पण करून व कुलगीताने झाली. शोध छात्र साहिबुदेव शर्मा यांनी मंगलाचरण सादर केले. संचालन व आभार प्रदर्शन हिंदी साहित्य विभागाचे अध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार यांनी केले. राष्ट्रगीताने कार्यक्रमाची सांगता करण्यात आली. यावेळी प्राध्यापक, शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित होते.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305